# CRPF Fit India Para-cycling Expedition
# 17 September to 2 October-2020

CRPF organized a Fit India Para-Cycling Expedition for its Divyang Soldiers who have sacrificed their valuable body parts while showing exemplary courage and dedication to duty in combat action against the enemies of the nation. The expedition consisting of 25 jawans including 5 Mahila Constables started from Sabarmati Ashram in Gujarat on 17 September and will reach Rajghat, New Delhi on 2 October 2020 on the occasion of the Birth Anniversary of Mahatma Gandhi.

The Fit India Para-cycling expedition was started from Sabarmati Ashram with an e-message from Shri Acharya Devvrat, Honorable Governor of Gujarat and virtual green signal by Shri A.P. Maheshwari, DG, CRPF, from CRPF Directorate, New Delhi on 17 September 2020 at the occasion of the 70$^{th}$ Birthday of our current Prime Minister Shri Narendra Modi. The expedition will cover more than 900 kilometers and will reach Rajghat, New Delhi on 2 October 2020.

**Acharya Devvrat**
Governor, Gujarat
Gandhinagar-382021

सत्यमेव जयते

**आचार्य देवव्रत**
राज्यपाल, गुजरात
गांधीनगर-३८२०२१

16 SEP 2020

## संदेश

स्नेहीश्री आनन्दप्रकाश माहेश्वरी जी,

माननीय केन्द्रीय गृहमंत्री जी के आह्वान पर केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों द्वारा वर्ष 2020 को मानवीय संवेदना वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है, जो अति प्रसन्नता और आनन्द का विषय है।

मुझे जानकारी मिली है कि सीआरपीएफ ने अपने दिव्यांग योद्धाओं के सशक्तिकरण के लिए अनेक कदम उठाए हैं। 'पैरा स्पोर्ट्स' में भी उनको उचित अवसर प्रदान करने के साथ ही सायबर वॉरियर्स के रूप में विकसित करने के लिए स्किलिंग एवं रिस्किलिंग सेंटर भी स्थापित किया गया है।

हम जानते हैं कि तत्कालीन गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने नव स्वतंत्र राष्ट्र की बदलती जरूरतों के अनुसार इस बल के लिए एक बहुआयामी भूमिका की कल्पना की थी। आज केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल भारत का सबसे बड़ा केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल है। इसका इतिहास असंख्य वीर गाथाओं से और बल के कर्मियों के प्रेरणादायी और साहसपूर्ण कार्यों से आलोकित है।

केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों द्वारा दिव्यांग वॉरियर्स के आत्मसम्मान एवं गौरव को पुनर्स्थापित करने के लिए कई आयोजन हो रहे हैं। यह राष्ट्रभक्ति की भावना को और ज्यादा मजबूत बनाएंगे। इसी क्रम में आज 17 सितम्बर हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदीजी के जन्मदिन के अवसर पर सीआरपीएफ के दिव्यांग वॉरियर्स करीब 900 किलोमीटर लम्बी साइकिल यात्रा का प्रारम्भ साबरमती आश्रम से सुबह 7 बजे कर रहे हैं। इसका समापन 2 अक्टूबर 2020 को गांधी जयंती के अवसर पर राजघाट पर किया जाएगा। यह अवसर महात्मा गांधीजी को पुष्पांजलि अर्पण करने के समान होगा।

हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिन के शुभ अवसर पर आरम्भ होने जा रही इस यात्रा का ई-शुभारम्भ करते हुए मैं गौरव का अनुभव कर रहा हूं। निश्चित ही यह यात्रा दिव्यांग वॉरियर्स का हौसला और हिम्मत बढ़ाएगी। आप सभी को इस साइकिल यात्रा के शुभारम्भ पर मैं हृदयपूर्वक शुभकामनाएं प्रदान करता हूं।

शिवास्ते पन्थानः आपकी यात्रा मंगलकारी हो ऐसी कामना करता हूं।

(आचार्य देवव्रत)




CRPF - FIT INDIA
PARA CYCLING
FIT INDIA
दिव्यांगों की पहल
GANDHI ASHRAM
ગાંધી આશ્રમ




The Aim of the Fit India Para-cycling Expedition is to create awareness among the troops of CRPF about the importance of Fitness and good health and also to give a message to general public about the importance of individual fitness and contribution to national health. The expedition also carries a message of Environmental protection and holistic wellbeing. The enthusiasm and courage of the Divyang CRPF fighters will set an example for the people of the country and will prompt them to think about the individual fitness and national health.

The CRPF Fit India Para-cycling expedition is being lead by Shri K. K. Pandey, Commandant of the Internal Security Academy (ISA), Mount Abu. The expedition reached Abu Road on 19 September 2020 and was given a warm welcome by the officers and men of ISA led by Shri Arun Kumar, IG, Director, ISA, B.K. Mrityunjay, Secretary, Brahmakumaris, Shantivan, Abu Road, Shri Ankit Jain, DySP, Abu Road, Shri Praveen Kumar, Tehsildar, Abu Road, Shri Mahendra Gupta, Chairman, Lion's Club and many others. The participants of the expedition stayed at Shantivan, Abu Road on 19 September and moved on to Sirohi on 20 September.

The expedition was welcomed by Shri Arun Kumar, IG, Director, ISA and the office holders of Vijay Pataka Mahalakshmi Trust, Sirohi at the Trust establishment at Sirohi. The participants were cheerful and fully motivated for the expedition. Their will power was exemplary and was widely appreciated by the onlookers. On 21 September 2020, the expedition moved on with full enthusiasm and dedication under the command of Shri K. K. Pandey, Commandant, ISA, CRPF, Mount Abu.

The CRPF, Fit India, Para-cycling Expedition was given wide media coverage by the local media in district Sirohi and the expedition fulfilled the aim of creating a fitness awareness among the people.

The Internal Security Academy wishes all the best to the participants of the expedition.

**Jai Hind**


CRPF - FIT INDIA
FREEDOM RUN
FIT INDIA
VIRTUAL RUN
1st SEP - 2nd OCT 2020


d Sarovar
CRPF - FIT INDIA
FREEDOM RUN
FIT INDIA
VIRTUAL RUN
1st SEP - 2nd OCT 2020






# सीआरपीएफ फिट इंडिया पैरा साइकिलिंग अभियान दल का आबू रोड पर किया स्वागत





**नवज्योति/माउंट आबू।**

फिट इंडिया पैरा साइकिलिंग अभियान का आगाज 17 सितंबर 2020 को गुजरात के साबरमती आश्रम से प्रारंभ हुआ था। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों की ओर से विभिन्न जिलों से होता हुआ शनिवार को आबूरोड पहुंचा। जहां आंतरिक सुरक्षा अकादमी पुलिस महानिदेशक अरुण कुमार की ओर से दल का स्वागत किया गया। इस अवसर पर आंतरिक सुरक्षा अकादमी माउंट आबू के अधिकारियों और जवानों ने अभियान दलों को हौसला बढ़ाया।

रविवार को यह दल आबूरोड से सिरोही की ओर रवाना होगा। गौरतलब है कि 17 सितंबर को फिट इंडिया पेरा साइकिलिंग अभियान को गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत एवं सीआरपीएफके डीजी ए पी माहेश्वरी ने वर्चुअल तरीके से हरी झंडी दिखाकर अभियान का शुभारंभ किया। इसमें 24 जने भाग ले रहे हैं। अभियान को सफ्ल बनाने में लायंस क्लब आबू रोडए ब्रह्माकुमारी संस्था एवं पुलिस प्रशासन ने अपना पूरा सहयोग दिया।



# सीआरपीएफ फिट इंडिया पैरा साइकिलिंग अभियान दल का अब रोड से रवाना होकर सिरोही पहुंचे

**नवज्योति/माउंट आबू**




फिट इंडिया पैरा साइकिलिंग अभियान का आगाज 17 सितंबर 2020 को गुजरात के साबरमती आश्रम से प्रारंभ हुआ था। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 24 जवानों का यह दल विजय पताका महालक्ष्मी ट्रस्ट पहुंचा जहां पर केंद्रीय पुलिस बल की पुलिस महा निरीक्षक अरुण कुमार एवं अधिकारियों, कार्मिकों की टीम द्वारा उनका स्वागत किया गया। मौके पर अतिरिक्त पुलिस उप अधीक्षक अंकित जैन, तहसीलदार प्रवीण कुमार एवं ट्रस्ट के नंदू भाई द्वारा भी स्वागत किया गया। इस दल की अगुवाई अकादमी के कमांडेंट केके पांडे द्वारा की गई । गौरतलब है कि 17 सितंबर को फिट इंडिया पेरा साइकिलिंग अभियान को गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत एवं सीआरपीएफ के डीजी ए पी माहेश्वरी ने वर्चुअल तरीके से हरी झंडी दिखाकर अभियान का शुभारंभ किया। विभिन्न राज्यों से यह दल होते हुए 2 अक्टूबर गांधी जयंती के दिन राजघाट दिल्ली पहुंचेगा। इस मौके पर आंतरिक सुरक्षा अकादमी के डिप्टी कमांडेंट एन आर मीणा, करतार सिंह कपूर, कमांडेंट विजय चौधरी उपस्थित रहे।




**स्वागत** • गुजरात के साबरमती आश्रम से रवाना होकर रविवार दोपहर सिरोही पहुंचा, यह दल 2 अक्टूबर को राजघाट दिल्ली पहुंचेगा

# फिट इंडिया पैरा साइकलिंग अभियान के जवानों का सिरोही में स्वागत

भास्कर न्यूज़ | सिरोही

फिट इंडिया पैरासाइकलिंग अभियान के तहत सीआरपीएफ के जवानों का दल आतंरिक सुरक्षा अकादमी के कमांडेंट केके पांडेय की अगुवाई में गुजरात के साबरमती आश्रम से रवाना होकर रविवार दोपहर सिरोही पहुंचा। यहां इस दल का स्वागत आतंरिक सुरक्षा अकादमी के निदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक अरुण कुमार की अगुवाई में डीएसपी अंकित जैन, तहसीलदार प्रवीण रतनू एवं विजय पताका महालक्ष्मी ट्रस्ट की ओर से स्वागत किया गया। इस दल में सात महिलाएं व 4 दिव्यांग सहित 27 जवान शामिल है। यह दल 17 सितंबर को फीट इंडिया पैरा साइकलिंग अभियान के तहत साबरमी आश्रम से रवाना हुआ था। यह दल रविवार सुबह आबूरोड से रवाना होकर दोपहर को सिरोही पहुंचा। इस अभियान को गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत एवं सीआरपीएफ के डीजी एपी माहेश्वरी ने वर्चुअल तरीके से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। साबरमती गुजरात से रवाना होकर विभिन्न राज्यों से होता हुआ यह दल आगामी 2 अक्टूबर गांधी जयंती के दिन राजघाट दिल्ली पहुंचेगा। इस दौरान आतंरिक सुरक्षा अकादमी के डिप्टी कमांडेंट एलआर मीणा, डिप्टी कमांडेंट करतारसिंह, सहायक कमांडेंट विजय चौधरी सहित कोतवाली पुलिस के अधिकारी मौजूद थे। इस दल का अगला पड़ाव सांडेराव रहेगा।



सिरोही. सीआरपीएफ जवानों की साइकिल रैली के सिरोही पहुंचने पर स्वागत किया।

## पर्यावरण संतुलन के प्रति जागरूकता के लिए रैली का आयोजन

सीआरपीएफ के फिट इंडिया मूवमेंट के तहत पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने तथा आमजन को स्वास्थ के प्रति जागरुक बनाने के उद्देश्य से इस रैली का आयोजन किया गया है। जहां जहां से जवान गुजर रहे हैं वहां वहां पर लोगों को संतुलित जीवन जीने नियमित रुप से योग व व्‌ायाम करने तथा पर्यावरण संतुलन के लिए सक्रिय होकर कार्य करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।




CRPF - FIT INDIA PARA CYCLING
FIT INDIA
दिव्यांगों
की
CRPF - FIT INDIA
PARA CYCLING


CRPF - FIT INDIA PARA CYCLING
FIT INDIA
दिव्यांगों
की
CRPF - FIT INDIA
PARA CYCLING

# सीआरपीएफ फिट इंडिया पैरा साइकिलिंग अभियान दल का अब रोड से रवाना होकर सिरोही पहुंचे




**नवज्योति/माउंट आबू**

फिट इंडिया पैरा साइकिलिंग अभियान का आगाज 17 सितंबर 2020 को गुजरात के साबरमती आश्रम से प्रारंभ हुआ था। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 24 जवानों का यह दल विजय पताका महालक्ष्मी ट्रस्ट पहुंचा जहां पर केंद्रीय पुलिस बल की पुलिस महा निरीक्षक अरुण कुमार एवं अधिकारियों, कार्मिकों की टीम द्वारा उनका स्वागत किया गया। मौके पर अतिरिक्त पुलिस उप अधीक्षक अंकित जैन, तहसीलदार प्रवीण कुमार एवं ट्रस्ट के नंदू भाई द्वारा भी स्वागत किया गया। इस दल की अगुवाई अकादमी के कमांडेंट केके पांडे द्वारा की गई । गौरतलब है कि 17 सितंबर को फिट इंडिया पेरा साइकिलिंग अभियान को गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत एवं सीआरपीएफ के डीजी ए पी माहेश्वरी ने वर्चुअल तरीके से हरी झंडी दिखाकर अभियान का शुभारंभ किया। विभिन्न राज्यों से यह दल होते हुए 2 अक्टूबर गांधी जयंती के दिन राजघाट दिल्ली पहुंचेगा। इस मौके पर आंतरिक सुरक्षा अकादमी के डिप्टी कमांडेंट एन आर मीणा, करतार सिंह कपूर, कमांडेंट विजय चौधरी उपस्थित रहे।




Anand Sarovar
CRPF - FIT INDIA
FREEDOM RUN
FIT
INDIA
VIRTUAL
RUN
PERSONNEL & FAMILIES


CRPF
CRPF


CRPF - FIT INDIA
PARA CYCLING
FIT
INDIA
दिव्यांगों
CRPF - FIT INDIA
PARA CYCLING
FIT
INDIA
दिव्यांगों
की

# पैरा साइकिलिंग दल का सिरोही में स्वागत

सिरोही. फिट इंडिया पैरा साइकिलिंग अभियान के तहत गुजरात के साबरमती आश्रम से रवाना हुआ सीआरपीएफ के जवानों का 24 सदस्यीय दल रविवार को ब्रह्माकुमारी आबूरोड से यहां विजय पताका महालक्ष्मी ट्रस्ट पहुंचा। पुलिस महानिरीक्षक अरुण कुमार, अधिकारियों एवं कार्मिकों ने स्वागत किया। इस मौके पर पुलिस उप अधीक्षक अंकित जैन, तहसीलदार प्रवीण रत्नू, ट्रस्ट के नंदू भाई मौजूद थे। दल में सात महिला, चार दिव्यांग जवान शामिल हैं। आंतरिक सुरक्षा अकादमी के कमांडेट केके पाण्डेय इसकी अगुवाई कर रहे हैं।






**सीआरपीएफ का फिट इंडिया रन इंडिया अभियान** : ब्रह्माकुमारी संस्थान के आनंद सरोवर में किया गया स्वागत

# जवानों ने साइकिल रैली निकाल कर दिया स्वस्थ रहने का संदेश

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



आबूरोड में सीआरपीएफ की फिट इंडिया रैली के तहत पहुंचे साइकिल सवार।

**आबूरोड.** पर्यावरण संरक्षण, सर्वांगीण स्वास्थ्य व नए भारत निर्माण के उद्देश्य के साथ महात्मा गांधी की कर्मस्थली अहमदाबाद के साबरमती से शुरू हुई केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की फिट इंडिया रन इंडिया अभियान के तहत साइकिल रैली आबूरोड पहुंची। 25 सदस्यों वाले दल के साथ इस अभियान के तहत निकाली गई रैली का राजस्थान सीमा पहुंचने पर माउंटआबू सीआरपीएफ के अधिकारियों की मौजूदगी में अगवानी की गई। वहीं रीको पुलिस थाना प्रभारी सूराराम के साथ बॉर्डर से शहर के मुख्य मार्ग होते हुए एस्कॉर्टिंग की गई। ब्रह्माकुमारी संस्थान के तलहटी स्थित आनंद सरोवर पहुंचने पर माउंट आबू सीआरपीएफ के आईजी अरुणकुमार, अभियान कमांडर एके पांडेय व संस्थान के कार्यकारी सचिव बीके मृत्युंजय, लायंस क्लब के अध्यक्ष महेंद्र गुप्ता आदि ने रैली स्वागत किया। सदस्यों को दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। आईजी अरुण कुमार ने कहा कि यह अभियान सीआरपीएफ के दिव्यांग जवानों की ओर से आयोजित किया गया है। जिनका मकसद लोगों का स्वस्थता का संदेश देना है। इस 25 लोगों के अभियान यात्रियों के दल में पांच महिला यात्री भी शामिल हैं।

## 9 सौ किमी की यात्रा तय करेंगे

कोरोना कॉल में सर्वागीण स्वास्थ्य के संदेश के साथ गत 17 सितम्बर को शुरू हुई यात्रा में 25 साइकिल सवार 900 किलोमीटर की यात्रा तय कर 2 अक्टूबर को दिल्ली पहुंचेंगे। यात्रा के दौरान आने वाले शहरों, गांवों व अन्य स्थानो पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को स्वस्थ रहने के प्रति जागरूक किया जाएगा। सीआरपीएफ के द्वितीय कमान अधिकारी आरकेसिंह, आंतरिक सुरक्षा अकादमी मुख्य चिकित्सा अधिकारी मोहम्मद अकबर, सहायक कमांडेट विजय चौधरी, डिप्टी एसपी ट्रेनी सुदर्शन, डॉ. सुमित सहगल, संजय तिवारी, डॉ. राजकुमार, सुभाष कुमावत, डॉ एम.पी. बंसल, थानाधिकारी आनंद कुमार, बीके भानू, बीके अमरदीप, बीके नितिन समेत कई लोग मौजूद थे।


CRPF - FIT INDIA
FREEDOM RUN
FIT INDIA
VIRTUAL
RUN
1st SEP - 2nd OCT 2020
PERSONNEL & FAMILIES
WARRIORS


and Sarovar
CRPF - FIT INDIA
FREEDOM RUN
FIT INDIA
VIRTUAL
RUN
1st SEP - 2nd OCT 2020
WARRIORS


CRPF - FIT INDIA PARA CYCLING
FIT INDIA
दिव्यांगों
की
CRPF - FIT INDIA PARA CYCLING




CRPF - FIT INDIA
FREEDOM RUN
FIT INDIA
VIRTUAL
RUN
WARRIORS